कानपुर में नवंबर से दौड़ेगी मेट्रो, गोरखपुर की डीपीआर तैयार

सीएम ने गोरखनाथ मंदिर से किया कानपुर-आगरा मेट्रो का वर्चुअल अनावरण

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर में मेट्रो का वर्चुअल अनावरण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। एजेंसी

लखनऊ/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानपुर में मेट्रो ट्रेन 30 नवंबर तक दौड़ने लगेगी। इसका उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। आगरा में मेट्रो ट्रेन का संचालन भी जल्द होगा। उन्होंने यह भी एलान किया कि गोरखपुर सहित पांच और शहरों वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ व झांसी में भी मेट्रो ट्रेन की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार है। जल्द शिलान्यास किया जाएगा।

दो दिवसीय (17-18 सितंबर) दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर से कानपुर और आगरा मेट्रो के पहले प्रोटोटाइप ट्रेन का वर्चुअल अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले उत्तर प्रदेश के चार शहरों लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो ट्रेन पहले से दौड़ रही है। अब कानपुर व आगरा की बारी है। कानपुर में चलने वाली मेट्रो ट्रेनों की क्षमता 974 यात्रियों की होगी। उन्होंने कहा कि मेट्रो जैसा सुरक्षित ट्रांसपोर्ट आज की जरूरत है। 30 नवंबर के आसपास कानपुर और आगरा मेट्रो को देश को समर्पित करने की स्थिति में होंगे।

संतों का जीवन राष्ट्र, धर्म व लोक कल्याण को समर्पित

गोरखपुर। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ को याद करते हुए कहा, संतों का जीवन राष्ट्र, धर्म व लोक कल्याण को समर्पित था। कहने को गोरक्षपीठ शैव परंपरा की पीठ है लेकिन वैष्णव परंपरा के श्रीराम मंदिर निर्माण में भी गोरक्षपीठ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संतों ने पीठ को सिर्फ उपासना तक सीमित नहीं रखा, बल्कि लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया।

दुनिया की कोई भी ताकत भारत के आगे नहीं ठहर सकती

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय था, जब चीन हमारी सीमाओं पर अतिक्रमण करता था और हम मौन रहते थे। अब सक्षम नेतृत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में चीन को करारा जवाब दिया गया है, यह पूरा विश्व जनता है। प्रधानमंत्री जो कहते हैं, उसके पीछे 135 करोड़ लोगों का व्यापक समर्थन होता है। दुनिया की कोई भी ताकत भारत के आगे नहीं ठहर पाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ सरकार के भरोसे जो समाज रहता है, वह स्वावलंबी और आत्मनिर्भर नहीं हो सकता। समाज को खुद भी आगे आना होगा। मुख्यमंत्री शनिवार को ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 52वीं व ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 7वीं पुण्यतिथि पर आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि समारोह के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। ब्यूरो

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का पहला ऐसा राज्य होगा जिसके 11 शहरों में मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा व ग्रेटर नोएडा में मेट्रो ट्रेन का संचालन हो रहा है।